अजयसिंह बनाम खेराजराम
2024 / 361
निर्णय दिनांकः–03.10.2025
प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–251ए
राजस्थान काश्तकारी अधि.–1955

**–:निर्णयः–**

निर्णय तिथिः–03.10.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251–क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251–'क' के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 242 / 5.1557 है0 मौजा गादेश्वरी पटवार हल्का बांटा तहसील गुड़ामालानी में पहुँच के प्रयोजन के लिए मौके पर विद्यमान मार्ग खसरा संख्या 218 / 3.0270 है0, 236 / 1.4245 है0, 238 / 2.7519 है0 मौजा गादेश्वरी तहसील गुड़ामालानी से होते हुए कट्टाण रास्ते तक चालू है परंतु विप्रार्थी के खसरा संख्या 218, 236 एवं 238 मौजा गादेश्वरी में रिकॉर्डेड रास्ते का अभाव है। अतः खसरा संख्या 218, 236 एवं 238 से होकर नवीन रिकॉर्डेड रास्ता हेतु अनुतोष चाहा गया है। प्रार्थी का कथन है कि प्रार्थी की आराजीयात तक कोई रिकॉर्डेड रास्ता दर्ज रिकॉर्ड नहीं है तथा उक्त आवेदित रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई लघुत्तम मार्ग का विकल्प नहीं होने के कारण उक्त आवेदित रास्ते को रिकॉर्ड में दर्ज कर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया।

**जवाब**

2. प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 03 के अतिरिक्त शेष समस्त अप्रार्थीगण के विधिवत तामील पश्चात् शेष अप्रार्थीगण असालतन–वकालतन उपस्थित न्यायालय हुए। बावजूद विधिवत तामिल अनुपस्थित रहने से अप्रार्थी संख्या 03 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। अप्रार्थीगण संख्या 01 ता 02, 04 ता 11 द्वारा जवाब प्रस्तुत कर निम्न प्रकार निवेदन कियाः–
   - कि प्रकरण में प्रार्थी द्वारा अप्रार्थी संख्या 01 ता 11 के खसरा संख्या 218, 236 में से रास्ता चाहा गया है। परंतु अप्रार्थीगण के खसरा संख्या 218 एवं 236 में से प्रार्थीगण द्वारा रास्ते के रूम में कभी भी आवागमन नहीं किया गया है एवं ना ही मौके पर रास्ता चालू है।
   - कि प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी में पहुंच हेतु मौके पर खसरा संख्या 250 में से रास्ता वर्तमान में भी चालू है। जिसका प्रार्थीगण लम्बे समय से रास्ते के रूप में उपयोग में ले रहे हैं। उक्त रास्ता प्रार्थीगण हेतु सबसे नजदीकी एवं सुगम रास्ता है।
   - कि प्रार्थीगण द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न परिशिष्ट–अ में दर्शाये रास्ते के स्थान पर भूमि मौके पर खाली नहीं है। साथ ही ना ही उक्त प्रस्तावित स्थान को रास्ते के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है।
   - कि प्रार्थीगण द्वारा अपने आवेदन के संलग्न प्रस्तुत परिशिष्ट–अ में अप्रार्थी संख्या 01 ता 11 के खसरा संख्या 218 एवं 236 में से रास्ता चाहा गया है। जिस पर न्यायालय श्रीमान द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी से मौका रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा अपने अधिकारों को प्रत्यायोजित करते

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.17 18:22:57 IST
Reason: SelfAttested

हुए भू–अभिलेख निरीक्षक पीपराली को मौका रिपोर्ट बनाने हेतु अधिकृत किया गया। जबकि विधि अनुसार भू–धारक तहसीलदार अपने अधिकारों का आगे प्रत्यायोजन नहीं कर सकते हैं। साथ ही भू–अभिलेख निरीक्षक द्वारा मौके पर नहीं आकर बिना अप्रार्थीगण को सुने तहसील कार्यालय में बैठकर प्रार्थीगण को अदेय लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रार्थीगण के कहे अनुसार मौका रिपोर्ट तहसीलदार गुड़ामालानी के मार्फत न्यायालय में प्रेषित कर दी गई।

- कि तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट में दो जगह बरंग लाल बरंग पीला रास्ते के विकल्प प्रस्तावित किये गये हैं। जबकि उक्त प्रस्तावित रास्तों पर अप्रार्थीगण संख्या 01 ता 11 के परिवार के सदस्यों की रहवासी ढाणी, चारबाड़े, टांके आदि बने हुए हैं। जिसका मौका रिपोर्ट में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।
- कि अप्रार्थी संख्या 01 ता 11 अनुसूचित जाति से आते हैं तथा अप्रार्थी संख्या 01 ता 11 के पास पूर्व में ही काश्त हेतु कम भूमि उपलब्ध है। साथ ही अप्रार्थीगण की एकमात्र आजीविका कृषि है। ऐसी स्थिति में यदि अप्रार्थीगण की उक्त आराजी में प्रार्थीगण को रास्ता प्रस्तावित किया जाता है तो अप्रार्थीगण का रकबा और भी कम हो जाएगा एवं अप्रार्थीगण को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ेगा।
- कि प्रार्थीगण को रास्ते की आत्यांतिक आवश्यकता नहीं है। प्रार्थीगण अपनी सुविधा हेतु अप्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 218, 236 में से रास्ता स्वीकृत करवाना चाहते हैं। जो विधिविरूद्ध है।
- अंत में अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 242 में पहुंच हेतु वर्तमान में मौके पर चालू रास्ता खसरा संख्या 250 में से प्रस्तावित किये जाने का निवेदन किया गया।

3. प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी से राजस्थान काश्तकारी (सरकार) नियम–1955 के नियम–68 लगायत 70 के अनुसार पुनः मौका जॉच रिपोर्ट तलब की गई। तत्पश्चात् प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा अपने पत्रांक/भू.अ./2024/2095 दिनांक 24.09.2024 के अनुसार प्रेषित पुनः मौका रिपोर्ट तैयार करने में अपनायी गई प्रक्रिया का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| प्रक्रिया हेतु प्रावधान | अपनायी गई प्रक्रिया |
|---|---|
| *Sub-Divisional Officer shall either inspect the site himself or* | भू–अभिलेख निरीक्षक, पीपराली मय पटवारी मौका निरीक्षण किया जाकर मौका रिपॉर्ट तैयार की गई। |
| *get it inspected by an officer not below the rank of the Inspector Land Records* | प्रकरण में दिनांक 20.09.2024 को भू–अभिलेख द्वारा मय पटवारी स्वयं मौका निरीक्षण किया जाकर मौका रिपॉर्ट तैयार की गई। |
| प्रकरण में पक्षकारो को मौका निरीक्षण हेतु जरिये नोटिस | 1. प्रकरण में समस्त प्रार्थीगण को मौका निरीक्षण हेतु कार्यालय तहसीलदार तहसील गुड़ामालानी के नोटिस क्रमांक 01–11 दिनांक 19.09.2024 द्वारा मौका निरीक्षण |

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.17 18:22:57 IST
Reason: SelfAttested

